**दिनांक: 7 मार्च, 2024**

# राष्ट्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण: वित्तीय वर्ष -2022-23

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी-95, दूसरा फ्लोर, सी.ऐल. हाउस, गौतम नगर

न्यू दिल्ली – 110 049

ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011-4165 4200

# राष्ट्रीय दलों के फंडिंग के स्त्रोतों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष -2022-23

## प्रस्तावना

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी अहम होती है वे चुनाव लड़ते हैं और सरकार बनाकर नीतियों का गठन करके आम आदमी की समस्याओं का निदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं | राजनीतिक दलों को अपनी नीतियों और लक्ष्यों को जनता तक पहुचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है | यह धन राजनीतिक दल कहा से एकत्रित करते हैं?

चुनाव आयोग को दायर की गई दलों की ऑडिट और दान रिपोर्ट के विश्लेषण से साफ़ जाहिर है, कि काफी हद तक धन के स्त्रोत अज्ञात हैं | वर्तमान में, राजनीतिक दलों को रु 20,000 से कम की दान राशि के दान दाताओ का विवरण घोषित करना आवश्यक नहीं है | विश्लेषण के आधार पर दलों की **59%** से भी अधिक राशि अज्ञात स्त्रोतों (चुनावी बांड्स को जोड़कर) से प्राप्त हुई है | जून 2013 में राष्ट्रीय दलों को सीआईसी के फैसले से आरटीआई के तहत लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय दलों ने, दुर्भाग्यपूर्ण, इस निर्णय का पालन नही किया है | मौजूदा कानून के तहत दलों की धन राशि में पारदर्शिता संभव नही है, यह केवल आरटीआई से ही जनता को सारी जानकारी प्राप्त हो सकती है |

## एडीआर के अवलोकन


- वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2022-23 के बीच, सभी राष्ट्रीय दलों ने अज्ञात स्त्रोतों से कुल मिलाकर **रु 19,083.08 करोड़** की आय एकत्र की है | (रिपोर्ट्स के लिए यहाँ क्लिक करें)
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, **बीजेपी** ने अज्ञात स्त्रोंतों से **रु 1400.2398 करोड़** की आय घोषित की है जो सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात राशि (रु 1832.8788 करोड़) का **76.396%** है | **बीजेपी** की यह आय अन्य 5 राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात स्त्रोतों की आय (रु 432.639 करोड़) से **रु 937.6008 करोड़** ज्यादा है |
- **कांग्रेस** ने अज्ञात स्त्रोतों से कुल **रु 315.114 करोड़** प्राप्त किया है जो सभी राष्ट्रीय दलों के कुल अज्ञात स्त्रोतों के आय का **17.192%** है |
- दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से एकत्रित कुल **रु 1832.8788 करोड़** की आय में से **रु 1510.6199 करोड़** यानिकि **82.42%** की आय **चुनावी बांड** से घोषित किया है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, **कांग्रेस** और **सीपीआई (एम)** ने कुल मिलाकर **रु 136.7986 करोड़** की आय **कूपन की बिक्री** से अर्जित की हैं |

### राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की ज्ञात, अज्ञात और अन्य दूसरे ज्ञात स्त्रोंतों से आय

- राजनीतिक दलों को रु 20,000 से अधिक के दान देने वाले दान दाताओं का विवरण चुनाव आयोग को वार्षिक जमा करना आवश्यक है | दान रिपोर्ट में दलों को दान देने वाले दान दाता का नाम, पता, PAN, राशि, और भुगतान का माध्यम आदि जानकारी देनी होती है | यह दलों के आय का एकमात्र **ज्ञात स्त्रोत** है |
- **अज्ञात स्त्रोतों** की जानकारी दलों द्वारा घोषित आयकर विवरण से लिया जाता है | रु 20,000 से कम दान का विवरण ना ऑडिट रिपोर्ट में और ना ही दान रिपोर्ट में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है | इन दानों को अज्ञात स्त्रोत माना जाता है |

- **अज्ञात स्त्रोतों** में - चुनावी बांड द्वारा प्राप्त दान (जो अब प्रतिबंधित है), सेल ऑफ़ कूपन, रिलीफ फंड्स, मिसलेनियस आय, वोलंटरी कंट्रिब्यूशन्स, कंट्रिब्यूशन्स फ्रॉम मीटिंग/मोर्चा आदि हैं | ऐसे योगदान देने वाले दानदाताओं का ब्यौरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नही है |
- राजनीतिक दलों के आय के **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** में चल और अचल संपत्ति, पुराने अखबार, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि विवरण की जानकारी दलों के बही खातों में किया होता है |
- इस रिपोर्ट में, सभी **6 राष्ट्रीय दलों** (बीजेपी, कांग्रेस, सीपीआई(एम), बीएसपी, आम आदमी पार्टी और एनपीईपी) का विश्लेषण किया गया है जिनका ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट में उपलब्ध है | ***बीएसपी पार्टी** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषणा कि है की पार्टी को अज्ञात स्त्रोतों (स्वैच्छिक योगदान (रु 20,000 से ऊपर या कम), कूपन और चुनावी बांड्स आदि) से कुछ भी आय प्राप्त नहीं हुआ है |* **बीएसपी पार्टी** को **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** से ही कुल आय (रु 29.27 करोड़) प्राप्त हुई है**,** जिसमें बैंक ब्याज से **रु 15.0487 करोड़**, सदस्यता शुल्क से - **रु 13.73 करोड़**, अचल सम्पत्ति की बिक्री पर लाभ से **रु 28.49 लाख** और निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए आयकर रिफंड पर ब्याज से **रु 20.65 लाख** शामिल है |
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **6 राष्ट्रीय दलों** की कुल आय **रु 3076.882 करोड़** थी |
- **ज्ञात स्त्रोत** से राष्ट्रीय दलों की कुल आय में से **27.64%** यानि **रु 850.438 करोड़** की राशि प्राप्त हुई है |
- राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **12.79%** यानि **रु 393.5652 करोड़** की राशि **अन्य ज्ञात स्त्रोतों** (अचल संपत्ति, ओल्ड न्यूज़पेपर्स, सदस्यता शुल्क, डेलिगेट फी, बैंक ब्याज, सेल ऑफ़ पब्लिकेशन्स और लेवी आदि) से प्राप्त हुई |
- **अज्ञात स्त्रोतों** (आय का विवरण है लेकिन स्त्रोत का नहीं) से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल आय का **59.57%** यानि **रु 1832.8788 करोड़** की राशि प्राप्त हुई है |
- दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से एकत्रित कुल **रु 1832.8788 करोड़** की आय में से **रु 1510.6199 करोड़** यानिकि **82.42%** की आय **चुनावी बॉन्ड** से घोषित किया है |

| Sources of Income of National Parties for FY 2022-23 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **National Political Parties** | **Income from Unknown Sources (as per audit report) **** | **Income from Other Known Sources*** | **Income from Known Sources (donations details declared to ECI)** | **Total Income** |
| | Rs 1832.8788 cr | Rs 393.5652 cr | Rs 850.438 cr | **Rs 3076.882 cr** |
| **Percentage share** | 59.57% | 12.79% | 27.64% | 100% |






*अन्य ज्ञात आय में शामिल हैं : चल और अचल सम्पत्तियों की बिक्री, पुराने समाचार पत्र, सदस्यता शुल्क, प्रतिनिधि शुल्क, बैंक ब्याज, प्रकाशनों की बिक्री और लेवी
**अज्ञात स्त्रोतों से आय का विवरण **अनुबंध -1** में दिया गया है; पार्टी वॉर के स्त्रोत **अनुबंध- 2** में दिए गए हैं

**अज्ञात स्त्रोतों से राष्ट्रीय दलों की आय:**

- 6 राष्ट्रीय दलों को अज्ञात स्त्रोतों से **रु 1832.8788 करोड़** प्राप्त हुए जिसमें से **82.42%** (रु 1510.6199 करोड़) का दान **चुनावी बॉन्ड** से मिला है |
- अज्ञात स्त्रोतों के माध्यम से **कांग्रेस** और **सीपीआई(एम)** ने **7.46%** (रु 136.7986 करोड़) की राशि **कूपन की बिक्री** से अर्जित की है जबकि 6 राष्ट्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (रु 20,000 से कम) से **10%** (रु 183.2811 करोड़) की राशि एकत्रित किये हैं |

| Unknown Sources as per the income-expenditure statements of National Parties, FY 2022-23 (in Rs cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **National Political Parties** | **Donations received from Electoral Bonds** | **Voluntary Contributions (below Rs 20,000)** | **By Collection from Sale of Coupons** | **Miscellaneous Income** | **Total Income from Unknown sources** |
| | 1510.6199 | 183.2811 | 136.7986 | 2.1792 | **Rs 1832.8788 cr** |
| **Percentage share** | 82.42% | 10.00% | 7.46% | 0.12% | **100%** |


Type of Unknown Sources as declared by National Parties, FY 2022-23
ADR Association for Democratic Reforms
Voluntary Contributions (Below Rs 20,000)- Rs 183.2811 cr, (10%)
By Collection from Sale of coupons- Rs 136.7986 cr, (7.46%)
Miscellaneous Income- Rs 2.1792 cr, (0.12%)
Donations received from Electoral Bonds- Rs 1510.6199 cr, (82.42%)


Unknown sources of Income of National Parties, FY 2022-23 (in Rs Cr)
ADR Association for Democratic Reforms
Donations received from Electoral Bonds
Voluntary Contributions (Below Rs 20,000)
By Collection from Sale of coupons
Miscellaneous Income
1294.1499
106.0563
0
0.0336
171.02
17.6838
125.7676
0.6426
0
57.706
11.031
1.503
45.45
1.791
0
0
0
0.044
0
0
0
0
0
0
BJP
INC
CPI(M)
AAP
NPEP
BSP

## एडीआर की सिफारिशें

- राजनीतिक दलों कि आय का अधिकतम प्रतिशत अज्ञात स्त्रोतों से आता है | पारदर्शिता के लिए दान दाताओं कि पूरी जानकारी, आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन में किसी भी देश में राजनीतिक दलों की आय स्त्रोत का **59% अज्ञात** रहना असम्भव है |
- आय के सभी स्त्रोतों की जानकारी जैसे सभी तरह के चंदा/दान (रु 20,000 से अधिक या कम), कूपन की बिक्री से आय, सदयस्ता शुल्क आदि आय के स्त्रोतों की जानकारी दलों को अपने ऑडिट रिपोर्ट के अनुसूचियों/ सलंगनों में घोषित करनी चाहिए |
- हाल ही में चुनाव आयोग ने यह सुझाव दिया है की केवल उन्ही दलों को कर में 100% छूट दी जानी चाहिये जो विधान सभा और लोक सभा चुनाव लडें और सीट जीतें | साथ ही साथ यह भी सुझाव दिया है की सभी राजनीतिक दलों को रु 2000 से अधिक दान देने वाले दानदाता की पूरी जानकारी सार्वजानिक रूप से उपलब्ध होनी चाहिये | राजनीतिक दलों के वित्त व्यवस्था में सुधारों के लिये चुनाव आयोग द्वारा लिए गए कदम को एडीआर पूर्ण समर्थन करता है |
- राजनीतिक दलों की धनराशि में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए दलों द्वारा घोषित सारे वित्त संबंधी दस्तावेजों को CAG और चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत संस्था को वार्षिक रूप से जाँच करनी चाहिये |
- राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए | ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, सूचना प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा | हालाँकि इस तरह की जानकारी, सूचना के कानून के तहत आये या नहीं पर राजनीतिक दलों को स्वेच्छा से प्रत्येक रूपये का हिसाब देना चाहिए जो उन्हें मिलता है या उनके द्वारा खर्च होता है |

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के **वेबसाइट** (**ऑडिट** रिपोर्ट और **दान** रिपोर्ट) में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया***

***जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

## सम्पर्क करें

### नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)


| | | | |
|---|---|---|---|
| **Media and Journalist Helpline:** +91 80103 94248, Email: adr@adrindia.org | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** Head - NEW/ADR +91 11 4165 4200 +91 87997 18472 anilverma@adrindia.org | **Prof Jagdeep Chhokar** IIM Ahmedabad (Retd.) Founder Member-NEW/ADR jchhokar@gmail.com | **Prof Trilochan Sastry** IIM Bangalore Founder Member- NEW/ADR +91 94483 53285 tsastry@gamil.com |

# अनुबंध – 1

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित दल-वार अज्ञात स्त्रोतों से आय : वित्तीय वर्ष – 2022-23

| Unknown Sources of Income of National Parties during FY 2022-23 (in Rs cr) | | | | | Total Income from unknown sources |
|---|---|---|---|---|---|
| National Parties | Donations received from Electoral Bonds | Voluntary Contributions (Below Rs 20,000) | By Collection from Sale of coupons | Miscellaneous Income | |
| BJP | 1294.1499 | 106.0563 | 0 | 0.0336 | Rs 1400.2398 cr |
| INC | 171.02 | 17.6838 | 125.7676 | 0.6426 | Rs 315.114 cr |
| CPI(M) | 0 | 57.706 | 11.031 | 1.503 | Rs 70.24 cr |
| AAP* | 45.45 | 1.791 | 0 | 0 | Rs 47.241 cr |
| NPEP | 0 | 0.044 | 0 | 0 | Rs 0.044 cr |
| BSP | 0 | 0 | 0 | 0 | Rs 0 cr |
| Total | Rs 1510.6199 cr | Rs 183.2811 cr | Rs 136.7986 cr | Rs 2.1792 cr | Rs 1832.8788 cr |

* आम आदमी पार्टी ने अन्य (चुनावी बांड/चुनावी ट्रस्ट) के अंतर्गत रु 45.45 करोड़ के चंदे की घोषणा की है लेकिन पार्टी ने चुनावी बांड की दानराशि अलग से घोषित नहीं की है|

# अनुबंध – 2

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के दल-वार स्त्रोत: वित्तीय वर्ष – 2022-23

| Sources of income of National Parties during FY 2022-23 (in Rs cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| National Parties | Income from Known sources (donations details declared to ECI) | Income from Other known sources* | Income from Unknown Sources (as per Audit reports) | Total Income | Share of income from unknown sources |
| BJP | 719.858 | 240.7462 | 1400.2398 | Rs 2360.844 cr | 59.31% |
| INC | 79.924 | 57.337 | 315.114 | Rs 452.375 cr | 69.66% |
| CPI(M) | 6.077 | 65.344 | 70.24 | Rs 141.661 cr | 49.58% |
| AAP | 37.10 | 0.829 | 47.241 | Rs 85.17 cr | 55.47% |
| BSP | 0 | 29.27 | 0 | Rs 29.27 cr | 0.00% |
| NPEP | 7.479 | 0.039 | 0.044 | Rs 7.562 cr | 0.58% |
| Total | Rs 850.438 cr | Rs 393.5652 cr | Rs 1832.8788 cr | Rs 3076.882 cr | 59.57% |